

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

1-7 Sep 2021





# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 1-7 सितंबर 2021

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **पहले सप्ताह** (1-7) **सितंबर 2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

**1.** कौन सी फिनटेक कंपनी भारत के सबसे पुराने पेमेंट गेटवे बिलडेस्क का 4.7 बिलियन डॉलर के पूर्ण-नकद लेनदेन में अधिग्रहण करेगी__________**पेयू।**

**नोट:**

- यह भारत के डिजिटल भुगतान क्षेत्र में सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा।
- इस समझौते से जनरल अटलांटिक, टीए एसोसिएट्स, टेमासेक, क्लियरस्टोन वेंचर्स और वीजा जैसे निवेशक बाहर होंगे।

**2.** मॉर्गन स्टेनली के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में भारत की GDP विकास दर क्या होगी _________**10.5 प्रतिशत।**

**नोट:**

- सितंबर में समाप्त तिमाही से दो वर्ष के CAGR के आधार पर GDP वृद्धि सकारात्मक क्षेत्र में जाने की उम्मीद है। जून में समाप्त तिमाही में GDP वार्षिक आधार पर 20.1 फीसदी बढ़ी।
- दो वर्ष के CAGR के आधार पर, वास्तविक GDP मार्च में समाप्त तिमाही में +2.3 फीसदी के मुकाबले जून में समाप्त तिमाही में 4.7 प्रतिशत संकुचित हुई।

**3.** किस लघु वित्त बैंक (SFB) ने एक नई पहल शुरू की है जो गूगल पे उपयोगकर्ताओं को सावधि जमा (FD) बुक करने में सक्षम बनाती है ___________ **इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- प्रारंभ में, यह सुविधा गूगल पे उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी जो एंड्रॉइड ऐप का उपयोग कर रहे हैं।
- इक्विटास में जमाराशियां प्रति जमाकर्ता 5 लाख रुपये तक की जमा गारंटी से कवर हैं।
- परिपक्वता पर, FD का मूलधन तथा ब्याज सीधे गूगल पे उपयोगकर्ता के मौजूदा बैंक खाते में जाता है।

**4.** भारत पे ने किस बैंक के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की जिसके तहत बैंक भारत पे के प्वाइंट ऑफ सेल (PoS) व्यवसाय भारत स्वाइप के अधिग्रहण बैंक के रूप में कार्य करेगा_________**एक्सिस बैंक।**

**नोट:**

- यह साझेदारी भारतपे को एक्सिस बैंक द्वारा पेश किए गए इस श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर व्यापारिक अनुभव बढ़ाने में मदद करेगा।
- एक्सिस बैंक भारत में भुगतान प्रतिग्रहण व्यवसाय में तीसरा सबसे बड़ा PoS प्राप्त करने वाला बैंक है।

**5.** किस बैंक ने स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित डल झील में हाउसबोट पर एक फ्लोटिंग ATM खोला है_________**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- फ्लोटिंग ATM का उद्घाटन SBI के अध्यक्ष दिनेश खारा ने किया।
- यह पहली बार नहीं है जब SBI ने फ्लोटिंग ATM की शुरुआत की है, इससे पहले 2004 में बैंक ने केरल में यह पहल शुरू की थी।

**6.** किसकी अध्यक्षता में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने आवेदनों की जांच करने तथा न्यू अम्ब्रेला इंटिटी (NUE) लाइसेंसों पर सिफारिशें देने के लिए एक समिति का गठन किया _________**पी. वासुदेवन।**

**नोट:**

- पांच सदस्यीय समिति की अध्यक्षता RBI के मुख्य महाप्रबंधक पी. वासुदेवन करेंगे।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए NUE अपना भुगतान बुनियादी ढांचा स्थापित करेगी।
- यह प्रणाली लघु तथा मध्यम उद्यमों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर केंद्रित होगी।

**7.** न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) ने किस देश को अपने नए सदस्य के रूप में मंजूरी दी है__________ **बांग्लादेश।**

**नोट:**

- NDB के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने 2020 में सदस्यता का विस्तार करने के लिए वार्ता शुरू की।
- इसने अब संयुक्त अरब अमीरात, उरुग्वे तथा बांग्लादेश को अपने पहले नए सदस्य देशों के रूप में मंजूरी दे दी है।
- अपने कार्य-संचालन की शुरुआत के बाद से, NDB ने कुल 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर की लगभग 80 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

**8.** चार देशों के केंद्रीय बैंकों ने डिजिटल मुद्रा (CBDC) योजना शुरू की है, कौन सा देश इनमें शामिल नहीं है ________ **भारत।**

**नोट:**

- यह एक सीमा पार भुगतान परीक्षण है जो विभिन्न सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) का उपयोग करता है ताकि यह आकलन किया जा सके कि क्या इससे लेनदेन का किफायती तथा आसान तरीके से निपटान किया जा सकता है।
- दुनिया भर में कई सरकारें और केंद्रीय बैंक CBDC के उपयोग की जांच कर रहे हैं, जो मौजूदा मुद्राओं का डिजिटल रूप है।

**9.** कौन सी निजी जीवन बीमा कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज से 6,687 करोड़ रुपये के समझौते में एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस का अधिग्रहण करेगी__________ **HDFC लाइफ इंश्योरेंस।**

**नोट:**

- HDFC लाइफ कुल 6,687 करोड़ रुपये के लिए एक्साइड इंडस्ट्रीज से 685 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 8,70,22,222 शेयर जारी करके तथा 726 करोड़ रुपये के नकद भुगतान के माध्यम से एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस में 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।
- एक्साइड लाइफ के HDFC लाइफ में विलय की प्रक्रिया अधिग्रहण के पूरा होने पर शुरू की जाएगी।

**10.** HDFC लाइफ इंश्योरेंस ने एक्साइड इंडस्ट्रीज से कितनी धनराशि में एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस का अधिग्रहण किया______ **6,687 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- HDFC लाइफ कुल 6,687 करोड़ रुपये के लिए एक्साइड इंडस्ट्रीज से 685 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 8,70,22,222 शेयर जारी करके तथा 726 करोड़ रुपये के नकद भुगतान के माध्यम से एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस में 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।
- एक्साइड लाइफ के HDFC लाइफ में विलय की प्रक्रिया अधिग्रहण के पूरा होने पर शुरू की जाएगी।

**11.** किस विद्युत कंपनी को बेस्ट ग्रोथ परफॉर्मेंस-पॉवर की श्रेणी में प्रतिष्ठित डन एंड ब्रैडस्ट्रीट - कॉर्पोरेट अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया________ **सतलुज जल विद्युत निगम (SJVN)।**

**नोट:**

- पुरस्कार इंडियाज टॉप 500 कंपनीज़ 2021 नामक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में प्रदान किए गए।
- दो दशकों से अधिक समय से, डन एंड ब्रैडस्ट्रीट भारत की शीर्ष 500 कंपनियों की सूची तैयार कर रहा है, जो कॉर्पोरेट भारत के अग्रणियों और भारतीय अर्थव्यवस्था की संचालक शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**12.** RBI के अनुसार, IMF के विशेष आहरण अधिकारों में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर कितनी हो गई है ________**19.41 बिलियन अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- रिजर्व बैंक ने कहा कि IMF के विशेष आहरण अधिकार (SDR) में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 13.66 बिलियन SDR हो गई है जो विनिमय दर के अनुसार 19.41 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है।

**13.** किस निजी क्षेत्र के बैंक ने वीज़ा के साथ साझेदारी में क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है________ **फेडरल बैंक।**

**नोट:**

- निजी क्षेत्र के ऋणदाता ने अपने मौजूदा ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए वैश्विक कार्ड नेटवर्क वीज़ा के साथ साझेदारी की है।
- फेडरल बैंक ने तीन प्रकार के नए क्रेडिट कार्ड लॉन्च किए हैं- सेलेस्टा, इम्पीरियो और सिग्नेट।
- तीनों प्रकार ग्राहकों को विभिन्न लाभ प्रदान करते हैं। प्रत्येक कार्ड एक अलग ग्राहक समूह की आवश्यकताओं का ध्यान रखता है।

**14.** एक्ज़िम बैंक द्वारा मालदीव को दी गई ऋण सहायता में कितना विस्तार किया गया है _______ **40 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- इसके साथ, एक्ज़िम बैंक ने अब तक भारत सरकार की ओर से मालदीव को पांच ऋण सहायता (LOC) प्रदान की हैं, जिससे LOC का कुल मूल्य 1.33 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

**15.** किस भुगतान एवं वित्तीय सेवा कंपनी ने एक संवादात्मक भू-स्थानिक वेबसाइट 'पल्स प्लेटफॉर्म' लॉन्च करने की घोषणा की, जो भारत में डिजिटल भुगतान प्रवृत्तियों पर अंतर्दृष्टि तथा बारीक डेटा प्रदान करता है______**फोनपे।**

**नोट:**

- वर्तमान में, प्लेटफॉर्म पर डेटा फोनपे नेटवर्क की ओर से है, जो मौजूदा समय में भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) परिदृश्य में 45% बाजार हिस्सेदारी का स्वामित्व रखता है।

**16.** सितंबर 2021 में, भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने राष्ट्र के स्वामित्व वाले किस बैंक में एक खुले बाजार लेनदेन के माध्यम से 3.9 प्रतिशत इक्विटी शेयर खरीदे हैं_______ **बैंक ऑफ इंडिया।**

**नोट:**

- LIC ने 2 सितंबर, 2021 को खुला बाजार अधिग्रहण के माध्यम से बैंक के लगभग 3.9 प्रतिशत शेयर (15,90,07,791 शेयर) खरीदे हैं।

- बैंक में शेयरों के नवीनतम अधिग्रहण से पहले, LIC के पास राष्ट्र के स्वामित्व वाले बैंक में 3.17 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

**17.** किस लघु वित्त बैंक ने भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल तथा क्रिकेटर स्मृति मंधाना को कंपनी का ब्रांड एंबेसडर बनाया है _________ **इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- यह घोषणा 5 सितंबर, 2021 को ESFB की 5वीं वर्षगांठ के दौरान की गई थी।
- इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक (ESFB) मुख्यालय - चेन्नई।

**18.** किस पेट्रोलियम कंपनी ने मुंबई में अपने ब्रांडेड स्टोर 'हैप्पी शॉप' का अनावरण किया, जो गैर-ईंधन खुदरा बिक्री क्षेत्र में कंपनी का पहला प्रयास है_________ **HPCL।**

**नोट:**

- यह HPCL की अपने क्लब एचपी रिटेल आउटलेट पर नवीनतम पेशकश है।
- स्टोर भोजन, प्रसाधन सामग्री, स्वास्थ्य संबंधी उत्पाद, बेकरी उत्पाद, किराने का सामान, दवाएं इत्यादि समेत घरेलू उपयोगिता के सामान उपलब्ध कराएगा।
- इसके अलावा, ग्राहक HPCL के HP-पे ऐप (प्ले स्टोर/ऐप स्टोर पर उपलब्ध) पर भी उत्पाद देख पाएंगे।

**19.** किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के अधिग्रहण हेतु भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) से अंतिम मंजूरी मिली_________**ICICI लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस।**

**नोट:**

- दो जनरल इंश्योरेंस कंपनियों के विलय के लिए बीमा नियामक IRDAI की अंतिम मंजूरी ICICI लोम्बार्ड द्वारा भारती एक्सा को एक पूर्ण-शेयर समझौते में खरीदने के एक वर्ष बाद प्राप्त हुई है, जिसका कथित तौर पर मूल्य 2,500 करोड़ रुपये से अधिक था।

**20.** मॉर्गेज गारंटी-समर्थित आवास ऋण के लिए किस कंपनी ने इंडियन मॉर्गेज गारंटी कॉरपोरेशन के साथ भागीदारी की __________ **क्लिक्स हाउसिंग फाइनेंस।**

**नोट:**

- मॉर्गेज गारंटी समर्थित आवास ऋण, क्लिक्स एचएफएल के आवास ऋण उत्पादों के कार्यक्षेत्र और ग्राहक वर्गों को व्यापक बनाएगा और अधिक व्यवसाय को सक्षम करेगा, इसके अलावा भारत सरकार के "2022 तक सभी को आवास" मिशन में सहायता करेगा।

## श्रद्धांजलियां

**1.** अनुभवी खिलाड़ी वासुदेव परांजपे का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे________ **क्रिकेट।**

**नोट:**

- उन्होंने कई भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों का करियर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- वे वासु के नाम से प्रसिद्ध थे।
- उन्होंने मुंबई और बड़ौदा क्रिकेट टीम के लिए 29 प्रथम श्रेणी मैचों में 785 रन बनाए थे।

**2.** प्रसिद्ध व्यक्ति सिद्धार्थ शुक्ला का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे________ **अभिनेता।**

**नोट:**

- लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 13 के विजेता के रूप में प्रसिद्ध सिद्धार्थ शुक्ला ने अपने करियर की शुरुआत 'बाबुल का आंगन छूटे ना' शो से की थी।

- 2014 में सिद्धार्थ शुक्ला ने बॉलीवुड में भी पदार्पण किया। उन्होंने करण जौहर द्वारा प्रस्तुत और वरुण धवन-आलिया भट्ट अभिनीत, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया में अभिनय किया। उन्होंने फिल्म में सहायक भूमिका निभाई।

**3.** दो बार के राज्यसभा सांसद चंदन मित्रा का हाल ही में निधन हो गया, वे एक अनुभवी थे _________ **पत्रकार।**

**नोट:**

- पायनियर समाचार पत्र के संपादक तथा प्रबंध निदेशक मित्रा पिछले एक वर्ष से अस्वस्थ चल रहे थे।
- एक प्रमुख दक्षिणपंथी बुद्धिजीवी माने जाने वाले मित्रा पहली बार 2003 में भाजपा द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किए गए थे।
- मित्रा ने कोलकाता में द स्टेट्समैन के साथ अपने पत्रकारिता करियर की शुरुआत की।

**4.** अलगाववादी नेता तथा प्रो-पाकिस्तान समर्थक सैयद अली शाह गिलानी का हाल ही में निधन हो गया, वह किस अलगाववादी समूह से संबंधित थे________ **तहरीक-ए-हुर्रियत।**

**नोट:**

- उन्हें जम्मू-कश्मीर में तीन दशकों से अधिक समय तक अलगाववादी आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता था।
- तत्कालीन राज्य में सोपोर से तीन बार के विधायक रहे गिलानी 2008 के अमरनाथ भूमि विवाद, 2010 में श्रीनगर में एक युवक की हत्या के बाद हुए आंदोलन का चेहरा बन गए थे।

**5.** प्रसिद्ध व्यक्ति केशव देसिराजू का हाल ही में निधन हो गया, वह एक पूर्व अधिकारी थे________ **केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव।**

**नोट:**

- वह एक सेवानिवृत्त IAS अधिकारी और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के पोते थे।
- देसिराजू 1978 बैच के उत्तराखंड कैडर के IAS अधिकारी थे।
- उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के जॉन एफ कैनेडी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट से लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की।

**6.** किस देश के प्रसिद्ध फुटबॉलर जीन-पियरे एडम्स, जो 39 वर्षों से कोमा में थे, का निधन हो गया__________ **फ्रांस।**

**नोट:**

- जीन-पियरे एडम्स चैलोन के साथ एक मैच के दौरान घायल हो गए थे।
- 17 मार्च 1982 को अस्पताल डी ल्यॉन में ऐनेस्थीशिया के बाद ऑपरेट किए गए जीन-पियरे एडम्स कोमा में चले गए।
- 39 से अधिक वर्षों तक कोमा की स्थिति में, जीन-पियरे एडम्स निमेस के उपनगरीय क्षेत्र में अपनी पत्नी बर्नाडेट के साथ रहते थे।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** विश्व नारियल दिवस हर वर्ष मनाया जाता है__________ **सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस विशेष रूप से एशियाई तथा प्रशांत देशों में मनाया जाता है, जो दुनिया के अधिकांश नारियल उत्पादक क्षेत्रों तथा उत्पादन केंद्रों के स्थान हैं।

- विश्व नारियल दिवस नारियल के स्वास्थ्य तथा व्यवसाय संबंधी लाभों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाकर मनाया जाता है।
- नारियल को उष्णकटिबंधीय स्थानों में लाखों वर्षों से लगाया जा रहा है और इसने मानवजाति को विभिन्न तरीकों से लाभान्वित किया है।

**2.** हर वर्ष 5 सितंबर को किसकी पुण्यतिथि को अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस के रूप में मनाया जाता है_________**मदर टेरेसा।**

**नोट:**

- मदर टेरेसा को उनकी मृत्यु के बाद भारत में सभी धर्मों के दीन-हीन व्यक्तियों के प्रति उनकी सेवाओं के सम्मान में सरकार द्वारा एक राजकीय अंत्येष्टि प्रदान की गई थी। उन्हें 2003 में सेंट जॉन पॉल द्वितीय द्वारा पुण्य किया गया था। पोप फ्रांसिस ने 4 सितंबर, 2016 को उनकी पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर उन्हें संत की उपाधि से विभूषित किया।
- अपने जीवनकाल में व्यापक रूप से 'जीवित संत' मानी जाने वाली मदर टेरेसा ने 1950 में मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना की।

**3.** 'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय कब से कब तक 'खाद्य प्रसंस्करण सप्ताह' मना रहा है__________**6 से 12 सितंबर 2021।**

**नोट:**

- मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक आधिकारिक वीडियो के माध्यम से 6 सितंबर, 2021 को 'खाद्य प्रसंस्करण सप्ताह' शुरू किया।
- PMFME योजना की लाभार्थी श्रीमती राधिका कामत की सफलता की कहानी को भी मंत्रालय की वेबसाइट पर 'आत्मनिर्भर इंटरप्राइजेज' श्रृंखला में प्रकाशित किया गया था।

**4.** इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज 2021 का विषय क्या है _________ **Healthy Air, Healthy Planet।**

**नोट:**

- इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज विश्व स्तर पर 7 सितंबर को मनाया जाता है।
- इस दिवस का उद्देश्य सभी स्तरों - व्यक्तिगत, समुदाय, कॉर्पोरेट और सरकार पर सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना है कि स्वच्छ वायु स्वास्थ्य, उत्पादकता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है।
- पहला इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज 7 सितंबर, 2020 को मनाया गया था।

**5.** भारत में शिक्षक दिवस हर वर्ष मनाया जाता है__________**5 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- वह एक दार्शनिक, विद्वान तथा भारत रत्न पुरस्कार विजेता थे।
- वह भारत के दूसरे राष्ट्रपति (1962 से 1967) और भारत के पहले उपराष्ट्रपति (1952-1962) थे।

## नई नियुक्तियां

**1.** सीमा सुरक्षा बल के नए महानिदेशक (DG) का पदभार किसने ग्रहण किया ________ **पंकज कुमार सिंह।**

**नोट:**

- उन्हें देश में पुलिस सुधारों का सूत्रधार माना जाता है।
- उन्होंने एस.एस. देसवाल की जगह ली, जो राकेश अस्थाना के दिल्ली पुलिस में जाने के बाद से DG के पद पर थे।
- उनके अलावा, संजय अरोड़ा ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) का पदभार ग्रहण किया।

**2.** अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ (IAU) के मानद सदस्य के रूप में किसे शामिल किया गया________ **दोर्जे आंग्चुक।**

**नोट:**

- वे लद्दाख क्षेत्र के हानले में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA) की भारतीय खगोलीय वेधशाला में प्रभारी इंजीनियर हैं।
- वह दुनिया भर के 10 सदस्यों के बीच IAU में शामिल होने वाले पहले और एकमात्र भारतीय हैं।

**3.** सर्वोच्च न्यायालय के इतिहास में पहली बार, कितने न्यायाधीशों ने पद की शपथ ली ________ **नौ।**

**नोट:**

- यह एक ही दिन में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ लेने वाले लोगों की सर्वाधिक संख्या थी।
- नवीनतम नियुक्तियों के साथ, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या (34) के मुकाबले कार्यशील संख्या 33 हो गई है।

**4.** भारतीय संसद के उच्च सदन, राज्यसभा का नया महासचिव किन्हें नियुक्त किया गया ________ **परसराम पट्टाभि केशव रामचार्युलु।**

**नोट:**

- रामाचार्युलु 2018 से राज्यसभा सचिवालय में सचिव के रूप में काम कर रहे हैं और देश दीपक वर्मा की जगह लेंगे।
- विधि में स्नातक और मास्टर ऑफ आर्ट्स (राजनीति विज्ञान) डिग्री धारक, रामाचार्युलु को 2005 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा 'भारतीय संसद और अमेरिकी कांग्रेस की समिति प्रणाली: एक तुलनात्मक अध्ययन' पर उनके काम के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (Ph.D) से सम्मानित किया गया।

**5.** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया ________ **जे.बी. महापात्र।**

**नोट:**

- वह 1985-बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) अधिकारी हैं।
- वह वर्तमान में उस बोर्ड में एक सदस्य है जो आयकर विभाग के लिए नीति तैयार करता है।
- वे 31 मई से CBDT अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।

**6.** जर्मन फुटवियर और एक्सेसरीज़ कंपनी एडिडास के 'स्टे इन प्ले' अभियान का चेहरा किन्हें बनाया गया _______ **मीराबाई चानू।**

**नोट:**

- टैम्पोन या पैड के साथ पहने जाने पर नई टेकफिट पीरियड प्रूफ टाइट्स में लीक से बचाने में मदद करने के लिए एक अवशोषक परत लगी हुई है।
- ऐसे नवाचार खेल में महिलाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनका समर्थन करने की एडिडास की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।
- एडिडास ने पाया कि किशोर लड़कियां तीव्र दर से खेल छोड़ रही हैं, जिसका एक प्रमुख कारण पीरियड्स लीक होने का डर है।

7. इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की पहली महिला अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक का पदभार किसने संभाला ________ **वर्तिका शुक्ला।**

**नोट:**

- वह IIT-कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं।
- वह 1988 में EIL में शामिल हुईं और उनके पास रिफाइनिंग, गैस प्रॉसेसिंग, पेट्रोकेमिकल्स और उर्वरकों में डिजाइन, इंजीनियरिंग और मिश्रित कार्यान्वयन सहित व्यापक परामर्शी अनुभव है।

8. ASF की 41वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान सर्वसम्मति से एशियाई स्क्वैश फेडरेशन (ASF) का उपाध्यक्ष किन्हें चुना गया_________ **साइरस पोंचा।**

**नोट:**

- उनका कार्यकाल 4 वर्ष का होगा।
- वह वर्तमान में स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया (SRFI) के महासचिव हैं।
- हांगकांग के डेविड मुई को दूसरे कार्यकाल के लिए ASF का अध्यक्ष चुना गया।

9. भारतीय सौर ऊर्जा निगम (SECI) के प्रबंध निदेशक (MD) के रूप में किसे नियुक्त किया गया _______ **सुमन शर्मा।**

**नोट:**

- वह वर्तमान में वाणिज्य विभाग के विदेश व्यापार अतिरिक्त महानिदेशालय के रूप में कार्यरत हैं।
- वह जतिंद्र नाथ स्वैन की जगह लेंगी।
- SECI: यह नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए समर्पित एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का केंद्रीय उपक्रम है।

10. यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (UIICL) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया_________**एस.एल. त्रिपाठी।**

**नोट:**

- वे पदभार ग्रहण करने की तारीख से सेवानिवृत्ति आयु की तारीख (अर्थात 29.02.2024) तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक CMD, UIICL के पद पर बने रहेंगे।
- एस.एल. त्रिपाठी की नियुक्ति का प्रस्ताव वित्तीय सेवा विभाग (DFS) द्वारा बैंक बोर्ड ब्यूरो (BBB) की सिफारिश पर CMD, UIICL के पद की रिक्ति के लिए एक आरक्षित सूची के उम्मीदवार के रूप में किया गया था।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पंचायती राज संस्थान के सशक्तिकरण के लिए किस केंद्र शासित प्रदेश में एक संसदीय आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया________ **जम्मू-कश्मीर।**

**नोट:**

- कार्यक्रम में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए।
- कार्यक्रम के अंतर्गत सशक्त पंचायतें लोकतंत्र को मजबूत बनाने और लोगों का विश्वास बढ़ाने में मदद करेंगी।
- PRI के सशक्तिकरण के लिए संसदीय आउटरीच कार्यक्रम लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की एक अनूठी पहल है।

2. डेयरी किसानों की सहायता के लिए ई-गोपाला वेब संस्करण किसने लॉन्च किया ______ **परसोत्तम रूपाला।**

**नोट:**

- इसे राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) द्वारा विकसित किया गया है।
- इसके साथ ही, i-MAP वेब पोर्टल भी शुरू किया गया है जो डेयरी पशुओं की बेहतर उत्पादकता के लिए डेयरी किसानों को वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करता है।

**3.** राबोबैंक की 2021 ग्लोबल टॉप 20 डेयरी कंपनियों में अमूल की रैंक_________**18वीं।**

**नोट:**

- अमूल को 2020 में 16वें स्थान पर रखा गया था।
- फ्रांस स्थित डेयरी कंपनी लैक्टेलिस 23.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर के टर्नओवर के साथ दुनिया की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी है, इसके बाद नेस्ले का स्थान है।
- राबोबैंक की ग्लोबल डेयरी टॉप 20 रिपोर्ट डेयरी उद्योग को उनकी बिक्री के डेटा तथा वित्तीय विवरणों पर रैंक प्रदान करने के लिए वार्षिक रूप से जारी की जाती है।

**4.** केंद्र सरकार ने बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार के लिए किस वर्ष पोषण अभियान शुरू किया है, जिस समय से सितंबर के महीने को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है__________**2018।**

**नोट:**

- उन्होंने देश के सभी आकांक्षी जिलों से 'पोषण वाटिका' स्थापित करने की प्रतिबद्धता के लिए आग्रह किया है।
- ईरानी ने तीन प्रमुख क्षेत्रों - पोषण 2.0, वात्सल्य मिशन और शक्ति मिशन पर राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विचार-विमर्श किया।
- केंद्र ने कुपोषण से निपटने के लिए 2018 में पोषण अभियान शुरू किया था। तब से, सितंबर के महीने को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है।

**5.** किस संस्थान ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और FTII के साथ मिलकर पहली बार ब्रिक्स फिल्म प्रौद्योगिकी संगोष्ठी का आयोजन किया__________ **फिक्की।**

**नोट:**

- यह संयुक्त रूप से फिक्की, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और FTII द्वारा आयोजित की जा रही है।
- यह सभी सदस्य राष्ट्रों के लोगों को एक साथ लाने की दिशा में एक कदम है।
- ब्रिक्स फिल्म प्रौद्योगिकी संगोष्ठी का ध्यान सेवा क्षेत्र की अभिस्वीकृति पर केंद्रित है।

**6.** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने किसकी अध्यक्षता में पत्रकार कल्याण योजना के मौजूदा दिशा-निर्देशों की समीक्षा करने तथा दिशा-निर्देशों में बदलाव के लिए उपयुक्त सिफारिशें पेश करने के लिए एक समिति का गठन किया_________ **अशोक कुमार टंडन।**

**नोट:**

- समिति की अध्यक्षता प्रसार भारती बोर्ड के सदस्य अशोक कुमार टंडन करेंगे।
- समिति में विभिन्न प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के नौ सदस्य और PIB के एक अतिरिक्त महानिदेशक सदस्य के रूप में होंगे।
- मंत्रालय में निदेशक (IP) समिति के संयोजक होंगे।

**7.** नई दिल्ली में वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद की 24वीं बैठक की अध्यक्षता किसने की ________ **निर्मला सीतारमण।**

**नोट:**

- बैठक में FSDC के विभिन्न अधिदेशों, वित्तीय स्थिरता, वित्तीय क्षेत्र विकास, अंतर-नियामक समन्वय, वित्तीय साक्षरता और वित्तीय समावेशन पर विचार-विमर्श किया गया।
- FSDC एक शीर्ष-स्तरीय संस्था है जिसे भारत सरकार द्वारा एक उत्कृष्ट नियामक संस्था बनाने के लिए स्थापित किया गया था।

**8.** यात्रियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से 5-स्टार 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाण-पत्र हासिल करने वाला पांचवां रेलवे स्टेशन _________ **चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन।**

**नोट:**

- प्रमाण-पत्र भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया गया था।
- 5-स्टार रेटिंग यात्रियों को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध कराने के लिए स्टेशनों द्वारा किए गए अनुकरणीय प्रयासों को दर्शाती है।
- अन्य स्टेशन: आनंद विहार; दिल्ली, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस; मुंबई, मुंबई सेंट्रल और वडोदरा रेलवे स्टेशन।

**9.** विश्व में स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में भारत का स्थान _______ **तीसरा।**

**नोट:**

- पिछले एक वर्ष में, भारत ने हर महीने तीन यूनिकॉर्न शामिल किए हैं, जिससे कुल संख्या 51 हो गई है, जो यूके (32) और जर्मनी (18) से आगे है।
- एक बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की निजी तौर पर नियंत्रित स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है।
- हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों के अनुसार, 396 यूनिकॉर्न के साथ अमेरिका शीर्ष पर है, जबकि चीन 277 के साथ दूसरे स्थान पर है।

**10.** लगातार छठे वर्ष टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 में कौन सा विश्वविद्यालय शीर्ष पर है_______ **ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी।**

**नोट:**

- समग्र श्रेणी में, यूके की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।
- 301-350 के स्थानों में **IISc** बेंगलुरु, शीर्ष 350 में एकमात्र भारतीय संस्थान है, इसके बाद IIT रोपड़, जेएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, IIT इंदौर, अलगप्पा यूनिवर्सिटी और थापर यूनिवर्सिटी हैं।

**11.** टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 में कौन सा संस्थान भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में सामने आया_______ **इंडियन स्कूल ऑफ साइंस, बेंगलुरु।**

**नोट:**

- समग्र श्रेणी में, यूके की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।
- 301-350 के स्थानों में **IISc** बेंगलुरु, शीर्ष 350 में एकमात्र भारतीय संस्थान है, इसके बाद IIT रोपड़, जेएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, IIT इंदौर, अलगप्पा यूनिवर्सिटी और थापर यूनिवर्सिटी हैं।

**12.** प्लास्टिक के लिए एक परिपत्र प्रणाली को बढ़ावा देने हेतु एक प्लेटफॉर्म 'इंडिया प्लास्टिक पैक्ट' विकसित करने के लिए किस संस्थान ने वर्ल्ड-वाइड फंड फॉर नेचर-इंडिया (WWF इंडिया) के साथ हाथ मिलाया ________ **भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)।**

**नोट:**

- भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त अलेक्जेंडर एलिस द्वारा 'इंडिया प्लास्टिक पैक्ट' नामक नया प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया था।
- समझौता एक ऐसी दुनिया के निर्माण के लिए काम करता है जहां प्लास्टिक का प्रयोग भी हो और यह पर्यावरण को दूषित भी न करे।
- भारत प्रतिवर्ष 9.46 मिलियन टन प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पन्न करता है, जिसमें से 40% एकत्र नहीं किया जाता है।

**13.** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में नूर्ती गार्डन का उद्घाटन किसने किया ________ **स्मृति जुबिन ईरानी।**

**नोट:**

- दोनों मंत्रियों द्वारा शिगरू (सहजन) और आंवला के पौधों का रोपण भी किया गया।
- आयुष मंत्रालय के निर्देशन में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली (AIIA) ने पोषण माह - 2021 की शुरुआत की।

**14.** किस मंत्रालय ने देश भर में 45 से अधिक स्थानों से आयुष आपके द्वार अभियान शुरू किया _______ **आयुष मंत्रालय।**

**नोट:**

- अभियान का उद्देश्य एक वर्ष में देश भर में 75 लाख घरों में औषधीय पौधे वितरित करना है। औषधीय पौधों में तेजपत्ता, स्टेविया, अशोक, जटामांसी, गिलोय, अश्वगंधा, लेमनग्रास, तुलसी, सर्पगंधा और आंवला शामिल हैं।

**15.** किस संस्था ने आपदा प्रबंधन के लिए अखिल भारतीय एकीकृत चेतावनी प्रणाली की अभिकल्पना तथा विकास के लिए एक प्रयोगशाला शुरू की है ________ **सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT)।**

**नोट:**

- यह राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा प्रशासित किया जा रहा है।
- C-DOT चक्रवात यास के समय प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को चेतावनी भेजने के साथ-साथ चुनिंदा राज्यों में आइसोलेशन जोन का प्रबंधन करने के लिए एक प्रारंभिक योजना चला रहा है।
- C-DOT की स्थापना अगस्त 1984 में हुई थी।

**16.** पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए किस IIT को कृषि-अपशिष्ट के जैव-ईंटों से बनी भारत की पहली इमारत प्राप्त हुई _______ **IIT हैदराबाद।**

**नोट:**

- प्रतिदर्श इमारत जैव-ईंटों से बनी है जिसे ऊष्मा को कम करने के लिए पीवीसी शीट पर छत के साथ-साथ धातु के ढांचे का सहारा दिया गया है।
- यह बोल्ड यूनिक आइडिया लीड डेवलपमेंट (BUILD) प्रॉजेक्ट का हिस्सा है जो सामग्री की ताकत तथा प्रतिभा दर्शाता है।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं के लिए 'साथ' नामक ग्रामीण उद्यम वृद्धि कार्यक्रम शुरू किया________ **जम्मू-कश्मीर।**

**नोट:**

- जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं के लिए 'साथ' नामक ग्रामीण उद्यम वृद्धि कार्यक्रम शुरू किया।
- यह पहल (साथ) इन महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों पर परामर्श देने और बाजार संपर्क पर जोर देगी।
- यह इन महिलाओं के जीवन को बदल देगी और उन्हें सामाजिक तथा वित्तीय पहलुओं में स्वतंत्र एवं मजबूत बनाएगी।

**2.** किस राज्य सरकार ने राजीव गांधी राष्ट्रीय उद्यान का नाम बदलकर ओरांग राष्ट्रीय उद्यान करने का निर्णय लिया है ________**असम।**

**नोट:**

- असम कैबिनेट ने इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया।
- 79.28 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैले उद्यान को 1985 में एक वन्यजीव अभयारण्य और 1999 में एक राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
- ओरांग राष्ट्रीय उद्यान जिसे प्राय: असम का छोटा काजीरंगा भी कहा जाता है, एक टाइगर रिजर्व भी है।

**3.** किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने काली गर्दन वाले सारस और हिम तेंदुए को क्रमशः अपना राज्य पक्षी और पशु घोषित किया है________ **लद्दाख।**

**नोट:**

- काली गर्दन वाले सारस, जो केवल लद्दाख क्षेत्र में पाए जाते थे, पहले जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्य के राज्य पक्षी थे और राज्य पशु हंगुल थे।
- सारस को राज्य पक्षी के रूप में चुना गया था क्योंकि यह केवल लद्दाख के पूर्वी क्षेत्र में पाया जाता है।
- हिम तेंदुए मुख्य रूप से हिमालय के पश्चिमी तथा पूर्वी क्षेत्रों में पाए जाते हैं, इन क्षेत्रों में लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं।

**4.** किस राज्य सरकार ने दो महत्वाकांक्षी योजनाएं- 'आत्मनिर्भर कृषि योजना' और 'आत्मनिर्भर बागवानी योजना' शुरू की हैं_________ **अरुणाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- कृषि एवं बागवानी के दो संबंधित विभागों को कुल 120 करोड़ रुपये की राशि (प्रत्येक योजना के लिए 60 करोड़ रुपये) आवंटित की गई है।
- ये दो योजनाएं अद्वितीय हैं क्योंकि ये दोनों प्रारंभिक चरण सब्सिडी पर आधारित हैं।
- **SBI,** अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक और अरुणाचल प्रदेश को-ऑपरेटिव एपेक्स बैंक द्वारा लाभार्थियों को क्रेडिट लिंक प्रदान किया जाएगा।

**5.** किस राज्य ने प्रवेश तथा निकास को विनियमित करने के लिए एक e-ILP प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है______मणिपुर।

**नोट:**

- e-ILP प्लेटफॉर्म उन आगंतुकों के प्रवेश, निकास तथा निगरानी के विनियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा जो अनुमत अवधि के बाद भी रह रहे हैं।
- e-ILP ट्रैकिंग प्रणाली को परमिट जारी करने और इसके निगरानी तंत्र में अपनाई गई प्रक्रियाओं में खामियों को दूर करने के लिए विकसित किया गया था।

**6.** किस राज्य सरकार ने भारत का पहला डुगोंग संरक्षण रिजर्व स्थापित करने की योजना बनाई है________ **तमिलनाडु।**

**नोट:**

- यह अभ्यारण्य आदिरामपट्टिनम से अमापट्टिनम तक पाक खाड़ी के उत्तरी भाग में फैला होगा।

- समुद्री जीवविज्ञानी और संरक्षण समर्थक लंबे समय से अभयारण्य की मांग कर रहे हैं क्योंकि भारतीय जल क्षेत्र में डुगोंग, जिसे समुद्री गायों के रूप में जाना जाता है, की आबादी खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

**7.** किस राज्य सरकार ने वतन प्रेम योजना शुरू की है_________ **गुजरात।**

**नोट:**

- वतन प्रेम योजना सोसायटी की शासी संस्था की बैठक गांधीनगर में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की अध्यक्षता में हुई।
- मुख्यमंत्री रूपाणी के समक्ष योजना विवरणों का प्रस्तुतीकरण किया गया।
- योजना के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए एक परियोजना प्रबंधन इकाई का गठन किया गया है।

**8.** किस राज्य सरकार ने इंटरनेशनल एजुकेशन डिपार्टमेंट की स्थापना की _________ **हरियाणा।**

**नोट:**

- राज्य सरकार राज्य के युवाओं का विदेश में पढ़ने और नौकरी प्राप्त करने का सपना पूरा करेगी।
- इंटरनेशनल हरियाणा एजुकेशन सोसाइटी की स्थापना लंदन के एक युवा रोहित अहलावत ने की है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** किस देश ने बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) देशों के कृषि विशेषज्ञों की 8वीं बैठक की मेजबानी की_________**भारत।**

**नोट:**

- बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार तथा थाईलैंड के कृषि मंत्रालयों के विशेषज्ञ बैठक में शामिल हुए।
- अध्यक्ष ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन 2021 और विश्व स्तर पर कृषि तथा खाद्य प्रणालियों में हो रहे परिवर्तनों पर प्रकाश डाला।

**2.** निजी बैंकों के पास आयात वित्तपोषण के लिए विदेशी मुद्रा समाप्त होने के चलते किस देश ने खाद्य अभाव पर आपातकाल की घोषित की _________**श्रीलंका।**

**नोट:**

- श्रीलंका एक कठिन आर्थिक संकट से जूझ रहा है। संकट को देखते हुए, राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने चीनी, चावल तथा ऐसे अन्य आवश्यक खाद्य पदार्थों की जमाखोरी का मुकाबला करने के लिए आपातकालीन नियमों का आदेश दिया।
- राष्ट्रपति ने सेना के एक शीर्ष अधिकारी को "धान, चावल, चीनी तथा अन्य उपभोज्य वस्तुओं की आपूर्ति के समन्वय के लिए आवश्यक सेवाओं के महाआयुक्त" के पद पर नियुक्त किया है।

**3.** कौन सा देश दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया___________ **अमेरिका।**

**नोट:**

- पिछले एक वर्ष में, भारत ने हर महीने तीन यूनिकॉर्न जोड़े हैं, जिससे कुल संख्या 51 हो गई है, जो यूके (32) और जर्मनी (18) से अधिक है।
- एक बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की निजी तौर पर नियंत्रित स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है।
- हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों के अनुसार, 396 यूनिकॉर्न के साथ अमेरिका शीर्ष पर है, जबकि चीन 277 के साथ दूसरे स्थान पर है।

4. किस वैश्विक कंपनी ने किसान स्टोर शुरू करने की घोषणा की है जो किसानों को पूरे भारत में 8,000 से अधिक कृषि निविष्टियों जैसे बीज, कृषि तथा सहायक उपकरण, पौधों की सुरक्षा, पोषण इत्यादि तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाएगा___________ **अमेजन इंडिया।**

**नोट:**

- यह एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो पूरे भारत में किसानों को 8,000 से अधिक कृषि निविष्टियों जैसे बीज, कृषि उपकरण और सहायक उपकरण, पौधों की सुरक्षा, पोषण आदि प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।
- लघु एवं मध्यम व्यवसायों (SMB) द्वारा सूचीबद्ध ये उत्पाद अमेजन इंडिया पर प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध होंगे।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. डॉ. फिरदौसी कादरी ने रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2021 जीता, वह किस लिए प्रसिद्ध हैं__________ **वैक्सीन वैज्ञानिक।**

**नोट:**

- डॉ. कादरी इंटरनेशनल सेंटर फॉर डायरियल डिजीज रिसर्च, बांग्लादेश में एक अवकाशप्राप्त वैज्ञानिक हैं।
- अन्य विजेता मुहम्मद अमजद साकिब (माइक्रोफाइनेंस अग्रणी, पाकिस्तान), रॉबर्टो बैलोन (फिशर और सामुदायिक पर्यावरणविद्, फिलीपींस), स्टीवन मुंसी (मानवीय कार्य तथा शरणार्थी सहायता, अमेरिका) और वॉचडॉक (खोजी पत्रकारिता के लिए इंडोनेशियाई पथप्रदर्शक) हैं।
- एशिया में नोबेल पुरस्कार के रूप में प्रसिद्ध रेमन मैग्सेसे पुरस्कार अप्रैल 1957 में स्थापित किया गया था।

2. एक माइक्रोफाइनेंस अग्रणी मुहम्मद अमजद साकिब किस देश से संबंधित हैं, जिन्होंने रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2021 जीता_________ **पाकिस्तान।**

**नोट:**

- डॉ. अमजद साकिब को मानवीय गरिमा को पुन: प्राप्त करने, गरीबी को कम करने और शून्य-ब्याज ऋण मॉडल के माध्यम से 30 लाख से अधिक परिवारों को गरीबी से बाहर निकलने में मदद करने के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए चुना गया।

3. ऐलेजैंड्रो प्रिएटो किस देश से संबंधित हैं जिन्होंने बर्ड फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पुरस्कार 2021 जीता________**मेक्सिको।**

**नोट:**

- उनकी तस्वीर में मेक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच सीमा की दीवार के एक नए भाग में एक रोडरनर दिखाया गया है।
- प्रिएटो ने 5,000 पाउंड का शीर्ष पुरस्कार और प्रतिष्ठित खिताब जीता।
- उनकी तस्वीर ने पक्षियों की पर्यावरण श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार भी जीता।

4. द मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा किए गए सर्वेक्षण में शामिल 13 वैश्विक नेताओं में सर्वाधिक अनुमोदन रेटिंग हासिल करने वाले वैश्विक नेता ________**नरेंद्र दामोदर मोदी।**

**नोट:**

- सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री मोदी मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर, इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी, जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से आगे हैं।
- इस सूची में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो आदि भी शामिल हैं।

5. किस देश के एक गुमनाम फोटोग्राफर ने फोटो पत्रकारिता के सबसे बड़े वार्षिकोत्सव "वीज़ा पौर एल'इमेज" फेस्टिवल में अशांत राष्ट्र में अपने कवरेज के लिए शीर्ष पुरस्कार जीता __________**म्यांमार।**

**नोट:**

- फोटोग्राफर, जिनका नाम सुरक्षा कारणों से अज्ञात है, ने वीज़ा डी'ऑर फॉर न्यूज़ प्राप्त किया, जो दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस के पेर्पिग्नन में "वीज़ा पोर एलल'इमेज" फेस्टिवल में दिया जाने वाला सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है।
- द न्यू यॉर्क टाइम्स के एशिया फोटो एडिटर मिक्को ताकुनेन ने फोटोग्राफर की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।

## खेल समाचार

1. प्रसिद्ध क्रिकेटर डेल स्टेन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। वह किस देश की ओर से खेलते हैं________ **दक्षिण अफ्रीका।**

**नोट:**

- उन्हें अब तक के महानतम तेज गेंदबाजों में से एक माना जाता है और उन्हें अपनी तेज गेंदबाजी के लिए प्रशंसकों के बीच 'स्टेन गन' के नाम से जाना जाता है।
- उन्होंने 2004 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और 93 टेस्ट, 125 ODI और 47 T20I खेले।

2. पैरा ओलंपियन मरियप्पन थंगावेलु किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में रजत पदक जीता_________ **ऊंची कूद।**

**नोट:**

- इसी स्पर्धा में, शरद कुमार ने 1.83 मीटर के निशान को पार करते हुए कांस्य पदक जीता।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के सैम ग्रेवे ने 1.88 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- दो नए पदकों के साथ, टोक्यो पैरालंपिक में भारत की पदक तालिका अब 10 पदकों तक पहुंच गई है।

3. प्रवीण कुमार किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने टोक्यो पैरा ओलंपिक 2020 में रजत पदक जीता_______ **ऊंची कूद।**

**नोट:**

- प्रवीण ने 2.07 मीटर की छलांग लगाई, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के जोनाथन ब्रूम-एडवर्ड्स ने इस स्पर्धा में सत्र के 2.10 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- इस जीत के साथ, टोक्यो पैरालंपिक में भारत की पदक तालिका बढ़कर 11 (दो स्वर्ण पदक, छह रजत और तीन कांस्य पदक) हो गई है।

4. मनीष नरवाल किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीता_________ **निशानेबाजी।**

**नोट:**

- 19 वर्षीय नरवाल ने कुल 218.2 अंक हासिल करके स्वर्ण पदक जीता, जो पैरालंपिक रिकॉर्ड है।
- निशानेबाज मनीष नरवाल ने मौजूदा पैरालंपिक में भारत का तीसरा स्वर्ण पदक जीता जबकि हमवतन सिंहराज अदाना ने P4 मिश्रित 50 मीटर पिस्टल SH1 स्पर्धा में रजत पदक जीता।

5. डच ग्रैंड प्रिक्स 2021 का खिताब किसने जीता _______**मैक्स वेर्स्टाप्पेन।**

**नोट:**

- रेड बुल के ड्राइवर की यह सीजन की सातवीं जीत और अपने करियर की 17वीं जीत है।
- चैंपियनशिप लीडर लुईस हैमिल्टन अपनी मर्सिडीज F1 में दूसरा स्थान हासिल करने में कामयाब रहे।

- हैमिल्टन की मर्सिडीज टीम के साथी वाल्टेरी बोटास तीसरे स्थान पर रहे।

6. पैरा-ओलंपियन सुहास लालिनाकेरे यथिराज किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने पैरालंपिक रजत पदक विजेता प्रथम IAS अधिकारी बनकर इतिहास रचा ________**बैडमिंटन।**

**नोट:**

- वह फ्रांस के शीर्ष वरीयता प्राप्त लुकास मेजुर से स्वर्ण पदक मैच हार गए।
- 38 वर्षीय सुहास वर्तमान में नोएडा के जिला मजिस्ट्रेट (DM) हैं और पैरालंपिक में पदक जीतने वाले पहले IAS अधिकारी बने।
- सुहास, मेजुर से हार गए थे, जिन्होंने यूरोपीय चैंपियनशिप में भी तीन स्वर्ण पदक जीते हैं।

7. टोक्यो पैरालंपिक के समापन समारोह में ध्वजवाहक के रूप में भारतीय दल का नेतृत्व किसने किया _______ **अवनी लेखरा।**

**नोट:**

- 19 वर्षीय निशानेबाज ने पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण और कांस्य पदक जीते।
- इस प्रतिस्पर्धा में नौ खेलों में भारत के कुल 54 पैरा-एथलीटों ने भाग लिया।
- भारतीय दल ने पैरालंपिक खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने अभियान को समाप्त किया और कुल 19 पदक (5 स्वर्ण, 8 रजत तथा 6 कांस्य पदक) हासिल किए।

8. टोक्यो पैरालंपिक 2020 में किन दो नए खेलों की शुरुआत हुई________ **बैडमिंटन और ताइक्वांडो।**

**नोट:**

- ताइक्वांडो अब तक का पहला पूर्ण संपर्क वाला पैरालंपिक खेल होगा।
- 2006 में विकसित, पैरा ताइक्वांडो में सुरक्षा की दृष्टि से कुछ बदलावों के साथ अपने ओलंपिक समकक्ष खेल के समान नियम हैं।
- पैरा बैडमिंटन के अधिकांश नियम खेल के समर्थ संस्करण के समान हैं।

9. टोक्यो पैरालंपिक में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथे के खिलाफ बैडमिंटन में पुरुष एकल SL3 स्पर्धा स्वर्ण पदक मैच के विजेता __________ **प्रमोद भगत।**

**नोट:**

- उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथे को हराया।
- वह 45 अंतर्राष्ट्रीय पदकों के साथ भारत के सर्वश्रेष्ठ पैरा-शटलरों में से एक हैं।
- यह पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन में भारत का पहला पदक है।

10. सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट, 'डूरंड कप' के 130वें संस्करण की मेजबानी कौन सा भारतीय शहर कर रहा है _______ **कोलकाता।**

**नोट:**

- एशिया के सबसे पुराने क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के इस संस्करण में 16 टीमें भाग लेंगी जबकि दो क्लब ईस्ट बंगाल और मोहन बागान भाग नहीं ले रहे हैं।
- मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब ने भारतीय वायु सेना फुटबॉल टीम के खिलाफ जोरदार जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. 'ए रूड लाइफ: द मेमोइर' पुस्तक किसने लिखी_________**वीर संघवी।**

**नोट:**

- इस पुस्तक के माध्यम से, लेखक ने अपने निजी जीवन, मशहूर हस्तियों तथा राजनेताओं, बिचौलियों और पर्दे के पीछे के अभिनेताओं की कहानियों समेत भारतीय पत्रकारिता में घटनाओं से भरे करियर के अपने विचार तथा अनुभव साझा किए हैं।

2. “नो योर राइट्स एंड क्लेम देम: ए गाइड फॉर यूथ” पुस्तक किसने लिखी है _________ **एंजेलिना जोली।**

**नोट:**

- एंजेलीना जोली ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी आगामी पुस्तक, ‘नो योर राइट्स एंड क्लेम देम: ए गाइड फॉर यूथ’ के विमोचन की जानकारी दी।
- उन्होंने इसके अतिरिक्त दुनिया के विभिन्न हिस्सों के लोगों की तस्वीरें भी दिखाईं जिनके साथ वह जूम कॉल पर बातचीत करेंगी।

3. 'बैक टू द रूट्स' पुस्तक किसने लिखी ________ **तमन्ना भाटिया।**

**नोट:**

- पुस्तक गहन शोध पर आधारित है और स्वास्थ्य तथा कल्याण पर भारत के प्राचीन रहस्यों का उल्लेख करती है।
- 'बैक टू द रूट्स' के सभी अध्याय आजमाए हुए रहस्यों से भरे हुए हैं जो इस देश की पीढ़ियों के काम आए हैं।"

## विज्ञान एवं रक्षा

1. कौन सी IIT एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ई-सोर्स विकसित करने की प्रक्रिया में है जिसका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट (ई-कचरे) से निपटने में किया जाएगा__________ **IIT मद्रास।**

**नोट:**

- यह पहल रिवर्स लॉजिस्टिक्स आपूर्ति श्रृंखला को सक्षम बनाकर एक महत्वपूर्ण संसाधन बन सकती है और दुनिया भर में प्रतिवर्ष उत्पन्न होने वाले 53.6 मिलियन टन ई-अपशिष्ट का पुनर्चक्रण करने में मदद कर सकती है और यह संभवत: 50 बिलियन डॉलर का बाजार है।
- 'ई-सोर्स' एक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म होगा जो बेकार इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस के रूप में काम करेगा और विभिन्न हितधारकों (खरीदारों एवं विक्रेताओं) के बीच एक औपचारिक आपूर्ति श्रृंखला प्रदान करेगा।

2. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के साथ एक संयुक्त उद्यम में, किसे IIT ने एक ऐप बनाया है जो प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी कर सकता है_________ **IIT रुड़की।**

**नोट:**

- ऐप संभावित प्राकृतिक आपदाओं के बारे में पहले से चेतावनी देगा।
- उत्तराखंड कैबिनेट ने एक विशेषज्ञ समिति भी बनाई है जो हमें पहले से व्यवस्था करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में वर्षा की मात्रा के बारे में बताएगी।
- मंत्री के अनुसार, मुक्तेश्वर में डॉप्लर रडार ने काम करना शुरू कर दिया है।

3. भारतीय नौसेना ने पहले स्वदेश विकसित नेवल एंटी ड्रोन सिस्टम (NADS) की आपूर्ति के लिए किस रक्षा उपकरण निर्माता के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं________**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)।**

**नोट:**

- NADS का विकास DRDO और निर्माण BEL द्वारा किया गया है।
- यह भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने वाला पहला स्वदेश विकसित एंटी-ड्रोन सिस्टम है।
- NADS माइक्रो ड्रोन का तुरंत पता लगा सकता है और लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए लेजर आधारित "किल मैकेनिज्म" का उपयोग करता है।

**4.** किस IIT के वैज्ञानिकों और दिल्ली विश्वविद्यालय की मैनेजमेंट स्टडीज फैकल्टी ने एक सजीव पादप-आधारित एयर प्यूरीफायर, "यूब्रीथ लाइफ" विकसित किया, जो आंतरिक स्थानों में वायु शोधन प्रक्रिया को बढ़ाता है__________ **IIT रोपड़ और IIT कानपुर।**

**नोट:**

- ये आंतरिक स्थान अस्पताल, स्कूल, कार्यालय या घर हो सकते हैं।
- IIT रोपड़ की स्टार्टअप कंपनी, अर्बन एयर लेबोरेटरी ने उत्पाद विकसित किया है और कंपनी यह दावा करती है कि यह दुनिया का पहला अत्याधुनिक "स्मार्ट बायो-फिल्टर" है जो श्वास को स्वच्छ कर सकता है।
- इसे IIT रोपड़ में इनक्यूबेट किया गया है, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नामित iHub - AWADH (एग्रीकल्चर एंड वाटर टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट हब) है।

**5.** भारतीय नौसेना के अपतटीय गश्ती पोत, INS सावित्री ने किस देश को कोविड-19 महामारी से लड़ने के प्रयासों में सहायता हेतु दो मोबाइल ऑक्सीजन प्लांट (MOP) वितरित किए_________**बांग्लादेश।**

**नोट:**

- प्रत्येक MOP में प्रति मिनट 960 लीटर ऑक्सीजन उत्पादन की क्षमता है।
- MOPS को भारत में DRDO द्वारा विकसित और निर्मित किया गया है।
- एक MOP ढाका मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थापित किया जाएगा और दूसरा संयंत्र बांग्लादेश नौसेना के लिए BNS पटेंगा में स्थापित किया जाएगा।

**6.** भारतीय थलसेना ने किस देश में आयोजित बहुराष्ट्रीय 'अभ्यास ZAPAD 2021' में भाग लिया_________ **रूस।**

**नोट:**

- 14 दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य भागीदार देशों के बीच सैन्य तथा रणनीतिक संबंधों को बढ़ाना है।
- ZAPAD रूसी सशस्त्र बलों के युद्धक्षेत्र स्तरीय अभ्यासों में से एक है और रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह मुख्य रूप से आतंकवादियों के खिलाफ अभियानों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**7.** भारत ने हाल ही में एयर-लॉन्च्ड अनमैन्ड एरियल व्हीकल (ALUAV) के विकास में सहयोग के लिए किस देश के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं________ **अमेरिका।**

**नोट:**

- ALUAV के लिए परियोजना समझौते (PA) पर रक्षा तकनीक एवं व्यापार पहल के समग्र ढांचे के तहत हस्ताक्षर किए गए थे।
- समझौता दोनों पक्षों के बीच अनुसंधान, विकास, परीक्षण तथा मूल्यांकन (RDT&E) समझौते के अधीन है, जिस पर पहली बार 2006 में हस्ताक्षर किए गए थे।

**8.** भारत ने दक्षिण चीन सागर के दक्षिणी किनारे पर किस देश के साथ द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास (SIMBEX) 2021 का 28वां संस्करण आयोजित किया_______**सिंगापुर।**

**नोट:**

- यह 2 सितंबर से 4 सितंबर, 2021 तक चला।

- SIMBEX-2021 एक वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास है और इसे दक्षिण चीन सागर के दक्षिणी किनारे में रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर नेवी (RSN) द्वारा आयोजित किया गया।
- भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर INS रणविजय, ASW कार्वेट INS किल्टन और गाइडेड मिसाइल कार्वेट INS कोरा और एक P8I लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान द्वारा किया गया।

**--------------0--------------**

BYJU'S
EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card



byjusexamprep.com